परिवारों और शिक्षकों के लिए कोविड-19 (COVID-19) के टीकों के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

12 से 17 वर्ष की आयु के लोग Pfizer का COVID-19 का टीका लगवा सकते हैं।

अपने नज़दीक टीकाकरण की साइट ढूँढने के लिए **nyc.gov/vaccinefinder** पर जाएं या **877-829-4692** पर कॉल करें। कई साइट्स पर अपॉइंटमेंट लेने की ज़रूरत नहीं है।

- टीके मुफ़्त हैं! आपको टीका लगवाने के लिए स्वास्थ्य बीमा की ज़रूरत नहीं है।
- किसी नाबालिग द्वारा टीका लगवाने के लिए माता/पिता या अभिभावकों को व्यक्तिगत रूप से या फ़ोन द्वारा सहमति देनी होगी। कई साइट्स लिखित अनुमति भी स्वीकार करती हैं। 12 से 15 वर्ष की आयु के किसी व्यक्ति के साथ एक वयस्क होना चाहिए।
- आयु का प्रमाण, जैसे ID या जन्म प्रमाण-पत्र, ज़रूरी है। किसी नाबालिग की ओर से माता/पिता या अभिभावक भी आयु की पुष्टि कर सकता है।
- नैदानिक अध्ययनों में 12 से 17 वर्ष की आयु के लोगों पर Pfizer के टीके का परीक्षण किया गया था तथा COVID-19 बीमारी के विरुद्ध सुरक्षित और प्रभावी पाया गया था। दुष्प्रभाव सामान्य हैं और उनका मतलब है कि आपका शरीर प्रतिरक्षा का निर्माण कर रहा है!

---

1. 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को टीका लगवाने की ज़रूरत क्यों है? मुझे लगा कि COVID-19 युवाओं को प्रभावित नहीं करता।

हर आयु के लोगों को COVID-19 हो सकता है। जबकि आम तौर पर COVID-19 वयस्कों के लिए ज़्यादा खतरनाक है, युवा भी COVID-19 की वजह से बहुत बीमार हुए हैं और उनकी मृत्यु भी हुई है। कुछ लोगों में COVID-19 होने के बाद दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं, जैसे साँस लेने संबंधी समस्याएं या लंबे समय तक रहने वाली थकान।

युवाओं को टीका लगवाना दूसरों का बचाव करने में भी मदद करता है, जैसे दादा-दादी/नाना-नानी और रिश्तेदार जिनकी ऐसी कोई चिकित्सीय स्थिति है जो उन्हें गंभीर परिणामों के ज़्यादा जोखिम में डालती है। यह आपके समुदाय में लोगों की मदद भी करता है क्योंकि टीका लगवाना वायरस को फैलने से रोकने में सहायता करता है। कई युवा अभी भी वायरस से संक्रमित हो सकते हैं और उसे फैला सकते हैं भले ही वे बीमार महसूस नहीं करते।

2. क्या मुझे टीका लगवाने की ज़रूरत है?

हर किसी की टीका लगवाने के बारे में एक पसंद है। हम चाहते हैं कि लोगों के पास वह जानकारी हो, फैसला लेने के लिए उन्हें जिसकी ज़रूरत है।



NYC VACCINE FOR ALL: SAFE, FREE, EASY

NYC

3. 18 वर्ष से कम आयु का कोई व्यक्ति कहाँ से टीका लगवा सकता है?

NYC में टीका लगवाना आसान है। अपने नज़दीक कोई साइट ढूँढने के लिए आप **nyc.gov/vaccinefinder** पर जा सकते हैं या **877-829-4692** पर कॉल कर सकते हैं। 12 से 17 वर्ष की आयु के लोगों को केवल Pfizer का टीका लगाया जा सकता है, इसलिए वह टीका लगाने वाली किसी साइट को ढूँढना सुनिश्चित करें।

4. हम कैसे जान सकते हैं कि टीके युवाओं के लिए कारगर हैं?

युवाओं में Pfizer के टीके का अध्ययन किया गया था और वह बहुत सुरक्षित और प्रभावी पाया गया था। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन और अन्य संगठनों के साथ-साथ स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा इस प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी की गई थी।

5. दुष्प्रभाव क्या हैं? क्या इससे कोई परेशानी होगी?

किसी भी अन्य टीके की तरह, टीका लगवाने के समय कोई युवा व्यक्ति थोड़ा दर्द महसूस कर सकता है। उसके बाद, उसकी बाँह में टीका लगाने की जगह पर दर्द हो सकता है, और वह थकान या पीड़ा महसूस कर सकता है, उसे सिरदर्द, या बुखार हो सकता है। आम तौर पर ये संकेत होते हैं कि शरीर सुरक्षा का निर्माण कर रहा है। आम तौर पर दुष्प्रभाव एक से दो दिनों तक रहते हैं। यदि दुष्प्रभावों के बारे में आपको कोई चिंता है, तो अपने पीडियाट्रिशियन से बात करें या **311** पर कॉल करें।

Pfizer के दो टीके लगवाना ज़रूरी है। दूसरा टीका लगवाना ज़रूरी है भले ही पहले टीके के बाद आपको या आपके बच्चे को दुष्प्रभाव हुए हों।

6. टीके की कीमत कितनी है? यदि हमारे पास बीमा नहीं है तो क्या होगा?

टीका मुफ़्त है और उसे लगवाने के लिए आपको बीमे की ज़रूरत नहीं है। अगर आपके पास बीमा है, तो उस कंपनी को बिल किया जा सकता है, लेकिन आपको कोई सह-भुगतान या किसी अन्य शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़ेगा।

7. मेरे परिवार के पास कोई डॉक्टर नहीं है। यदि मेरा कोई प्रश्न हो तो मुझे किसे कॉल करना चाहिए?

टीकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **nyc.gov/covidvaccine** या **cdc.gov/covidvaccine** पर जाएं। आप **311** पर भी कॉल कर सकते हैं और COVID-19 के टीकों के बारे में किसी के साथ बात करने के लिए कह सकते हैं।

8. टीका लगवाने के बाद एक युवा व्यक्ति क्या कर सकता है?

किसी व्यक्ति के पूर्ण टीकाकरण के बाद सारी गतिविधियाँ सुरक्षित हैं! जिन लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है वे उन गतिविधियों को बहाल कर सकते हैं, महामारी से पहले वे जिसका आनंद लेते थे और फेस कवरिंग पहने बिना या शारीरिक दूरी रखे बिना ज़्यादातर गतिविधियाँ कर सकते हैं। कुछ स्थानों पर, लोगों को मास्क पहनने होंगे, भले ही वे टीका लगवा चुके हैं। इसमें स्कूल, सार्वजनिक परिवहन, स्टोर्स और अन्य सार्वजनिक जगहें शामिल हैं यदि मालिक या ऑपरेटर की ओर से वह ज़रूरी है।

हम सलाह देते हैं कि जब तक ज़्यादा लोगों को टीका नहीं लगाया जाता तब तक किसी अंदरूनी स्थान पर हर कोई अपनी फेस कवरिंग पहनकर रखे।

9. क्या 12 से 17 वर्ष की आयु के लोगों को टीका लगवाने के लिए अनुमति की ज़रूरत है?

हाँ। माता/पिता या अभिभावक को सहमति देनी होगी। अपॉइंटमेंट के समय पर व्यक्तिगत रूप से या फ़ोन द्वारा सहमति दी जा सकती है। सिटी द्वारा चलाई जाने वाली सभी साइट्स सहित, टीकाकरण की कुछ साइट्स लिखित सहमति भी स्वीकार करती हैं। 12 से 15 वर्ष की आयु के किशोरों के साथ माता/पिता या अभिभावक को अथवा माता/पिता या अभिभावक द्वारा चुने गए किसी अन्य वयस्क देखभालकर्ता को टीकाकरण की साइट पर आना होगा।

एक युवा व्यक्ति को आयु के प्रमाण की ज़रूरत होगी, जैसे जन्म प्रमाण-पत्र या जन्मतिथि के साथ एक ID. यदि उसके पास आयु का प्रमाण नहीं है, तो माता/पिता या अभिभावक उसकी आयु को प्रमाणित कर सकता है। टीका लगवाने के लिए आपको अपनी आप्रवासन स्थिति बताने की ज़रूरत नहीं है।

स्थिति में होने वाले बदलावों के साथ-साथ NYC स्वास्थ्य विभाग सिफ़ारिशों को बदल सकता है। 5.26.21

युवाओं के लिए न्यूयॉर्क सिटी में COVID-19 टीकाकरण साइट्स के स्थान

नीचे दी गई साइट्स के लिए अपॉइंटमेंट की ज़रूरत नहीं है। अतिरिक्त साइट्स ढूँढने के लिए, nyc.gov/vaccinefinder पर जाएं और टीके के प्रकार "Pfizer" के साथ खोजें।

Brooklyn

NYC Health + Hospitals, Coney Island
2601 Ocean Parkway
Brooklyn, NY 11235

NYC Health + Hospitals, Kings County
451 Clarkson Ave.
Brooklyn, NY 11203

NYC Health + Hospitals, Woodhull
760 Broadway
Brooklyn, NY 11206

NYC Vaccine Hub - St. Nicks Alliance
211 Ainslie St.
Brooklyn, NY 11211

NYC Vaccine Hub - Flatbush YMCA
1401 Flatbush Ave.
Brooklyn, NY 11210

NYC Vaccine Hub - Starrett City/Spring Creek Towers Cityblock Health
1310 Pennsylvania Ave.
Brooklyn, NY 11239

Barclays Center - Modell's Sports
140 Flatbush Ave.
Brooklyn, NY 11217

NYC Vaccine Hub - Brooklyn Children's Museum
145 Brooklyn Avenue
Brooklyn, NY 11203

Bronx

Bronx Zoo Vaccination Site
2300 Southern Blvd.
Bronx, NY 10460

NYS - Bay Eden Senior Center
1220 E. 229th St.
Bronx, NY 10466

NYC Health + Hospitals, Jacobi
1400 Pelham Parkway South
Bronx, NY 10461

NYC Health + Hospitals, Lincoln
234 E. 149th St.
Bronx, NY 10451

NYC Health + Hospitals, North Central Bronx
3424 Kossuth Ave.
Bronx, NY 10467

NYC Vaccine Hub - Lehman College - The Apex Center
250 Bedford Park Blvd. West
Bronx, NY 10468

Manhattan

NYS - Javits Center
429 11th Ave.
Manhattan, NY 10018

NYC Health + Hospitals, Bellevue
462 First Ave.
Manhattan, NY 10016

NYC Health + Hospitals, Harlem
506 Lenox Ave.
Manhattan, NY 10037

NYC Health + Hospitals, Metropolitan
1901 First Ave.
Manhattan, NY 10029

NYC Vaccine Hub - Yeshiva University
2495 Amsterdam Ave.
Manhattan, NY 10033

NYC Vaccine Hub - Abyssinian Baptist Church
132 West 138th St.
Manhattan, NY 10030

NYC Vaccine Hub - American Museum of Natural History
200 Central Park West
Manhattan, NY 10024

NYC Vaccine Hub - ATC Vaccination Times Square (पिछला NFL अनुभव)
20 Times Square
Manhattan, NY 10036

NYC Vaccine Hub - Fulton Center/Google
119 9th Ave.
Manhattan, NY 10011

Staten Island

Northwell SIUH - Empire Outlets
55 Richmond Terrace
Staten Island, NY 10301

NYC Vaccine Hub - St. Joseph - St. Thomas School
50 Maguire Ave.
Staten Island, NY 10309

Northwell SIUH - Staten Island Mall
280 Marsh Ave.
Staten Island, NY 10314

Queens

NYS - Aqueduct Racetrack
110-00 Rockaway Blvd.
Queens, NY 11420

Citi Field
36-2 126th St.
Queens, NY 11368

NYS-FEMA York College
160-02 Liberty Ave.
Queens, NY 11433

NYC Health + Hospitals, Elmhurst
79-01 Broadway
Queens, NY 11373

NYC Health + Hospitals, Queens
82-68 164th St.
Queens, NY 11432

NYC Vaccine Hub - Queensborough Community College Robert F. Kennedy Hall
221-05 56th Ave.
Queens, NY 11364

NYC Vaccine Hub - Korean Community Services
203-05 32nd Ave.
Queens, NY 11361

NYC Vaccine Hub - Queens Center Mall
58-56 92nd St.
Queens, NY 11373

NYC Vaccine Hub - Queens Public Library at Ozone Park
92-24 Rockaway Blvd.
Queens, NY 11417

Queens Public Library - Flushing Library
41-17 Main St.
Queens, NY 11355

NYC